बरेली, शनिवार
20 अप्रैल, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति व अन्य इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए ● सौ. एसआरएमए

इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में निखरे लक्ष्य, सुखप्रीत समेत कई खिलाड़ी

10 दिन तक खेले गए टूर्नामेंट ने शहर के खिलाड़ियों दी पहचान

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्टेडियम के ग्राउंड पर खेले गए पांचवें एसआरएम इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट-2024 से शहर की कई छिपी क्रिकेट प्रतिभाओं को प्रतिभा निखारने का मौका मिला। टूर्नामेंट ने खिलाड़ियों को नई पहचान दी। साथ ही आइपीएल सहित प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के लिए उनकी दावेदारी को बल दिया है। इनमें प्रमुख रूप से टूर्नामेंट के चार मैच में 318 रन बनाने वाले तूफानी बल्लेबाज लक्ष्य शर्मा और तीन मैच में 10 विकेट लेने वाले सुखप्रीत प्रमुख रूप से शामिल हैं। गुरुवार को खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मिशन एकेडमी को आठ विकेट से हराकर विद्या वर्ल्ड ने खिताबी जीत दर्ज की। मैच में मिशन एकेडमी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 146 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विद्या वर्ल्ड की टीम ने आसानी से मैच आठ विकेट से जीत लिया। मुख्य अतिथि विधायक शहजिल इस्लाम, एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति ने पुरस्कार वितरित किए। समापन समारोह में सीताराम सक्सेना, सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।